# जल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक: 20 जुलाई 2026

सेठ फूलचंद बागला महाविद्यालय, हाथरस में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 20 जुलाई 2026 को "जल संरक्षण" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महावीर सिंह छौंकर के निर्देशन में तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. ऋषिकांत, डॉ. पी. चौधरी एवं डॉ. विनय वर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल के महत्व तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना था। वर्तमान समय में भूजल स्तर में निरंतर गिरावट, जल के अनियंत्रित दोहन एवं जल प्रदूषण जैसी समस्याओं को देखते हुए विद्यार्थियों को जल संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया गया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टरों के माध्यम से जल संरक्षण का महत्व प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों में "जल है तो कल है", "जल बचाओ–जीवन बचाओ", "हर बूंद अनमोल है" जैसे प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से जल की बर्बादी रोकने, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने तथा भूजल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रोफेसर महावीर सिंह छौंकर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें।

कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. ऋषिकांत, डॉ. पी. चौधरी एवं डॉ. विनय वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जल संरक्षण के विभिन्न उपायों, विशेषकर वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग, जल प्रदूषण की रोकथाम तथा भूजल पुनर्भरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

अंततः कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में "हर बूंद बचाने" का सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया गया।

डॉ. ऋषिकांत

डॉ. विनय वर्मा

डॉ. पी. चौधरी
Coordinator
UBA
Seth P C. Bagla (P.G.) College
Hathras 204101




SAVE THE WATER
SAVE WATER